# फूड ग्रेन एटीएम योजना शुरू करने वाला तीसरा राज्य बनेगा उत्तराखंड

## चर्चा में क्यों?

8 जून, 2022 को उत्तराखंड की खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्य ने बताया कि विश्व खाद्य योजना के तहत उत्तराखंड खाद्य विभाग जल्द ही राज्य में फूड ग्रेन एटीएम योजना शुरू करने जा रहा है।

## प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि फूड ग्रेन एटीएम योजना शुरू करने वाला उत्तराखंड देश का तीसरा राज्य होगा। वर्तमान में फूड ग्रेन एटीएम योजना सिर्फ ओडिशा और हरियाणा राज्य में चल रही है।
- मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि सरकारी राशन की दुकान से मिलने वाले मुफ्त राशन के लिये पात्र लोगों को अब दुकानों के चक्कर नहीं लगाने होंगे, जिस तरह आम व्यक्ति एटीएम मशीन से अपनी ज़रूरत के लिये पैसे निकालते हैं, अब उसी तरह पात्र लोग अनाज ले सकते हैं।
- यह सिस्टम एटीएम मशीन की तरह काम करेगा। साथ ही इस पर एटीएम मशीन की तरह स्क्रीन होगी। राशनकार्ड धारक यहाँ आकर एटीएम मशीन की तरह गेहूँ, चावल व दाल निकाल सकेंगे। इस योजना को पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया जा रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-to-become-third-state-to-launch-food-grain-atm-scheme